BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 03 सितम्बर 2024 **थाना खानपुर**

कुलदीप की हत्या में संलिप्त उसकी पत्नी व प्रेमी गिरफ्तार, कब्जें/निशादेही से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल नाईफ कटर, लोहे का पाइप, 01 मोटरसाइकिल आदि बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 01.09.2024 को वादी पुष्पेन्द्र पुत्र सुखपाल सिंह निवासी ग्राम शेखूपुरा थाना खानपुर जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना खानपुर पर सूचना दी कि उसके भाई कुलदीप की ग्राम के बाहर रास्ते में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गयी हैं। घटना के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना खानपुर पर मुअसं 241/24 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

उक्त घटना के शीघ्र खुलासे हेतु कई टीमे गठित की गयी थी। जांच/छानबीन में तकनीकी साक्ष्यों व सीसीटीवी कैमरों की सहायता से मृतक की पत्नी रजनी व उसके प्रेमी सचिन का नाम प्रकाश में आया। आज दिनांक 03.09.2024 को थाना खानपुर पुलिस टीम द्वारा घटना में संलिप्त मृतक की पत्नी रजनी व उसके प्रेमी सचिन को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त सचिन की निशादेही पर कस्बा स्याना में स्थित उसके कमरे से घटना में प्रयुक्त एक नाईफ कटर, एक लोहा पाइप आदि बरामद किया गया है।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना खानपुर पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1- सचिन पुत्र करण सिंह निवासी ग्राम सुनाई थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर ।

2- रजनी पत्नी स्व0 कुलदीप निवासी ग्राम शेखूपुरा थाना खानपुर जनपद बुलन्दशहर ।

बरामदगी-

1- 01 नाईफ कटर, 01 लोहे का पाइप (आलाकत्ल)

2- 01 टी शर्ट, 01 अंगौछा, 01 लोवर (घटना के समय पहने हुए)

3- 01 बिना नम्बर मोटरसाइकिल (घटना में प्रयुक्त)

4- 01 मोबाइल फोन

गिरफ्तार अभियुक्त सचिन ने पूछताछ पर बताया कि वह तथा मृतक कुलदीप स्याना में पल्लेदारी का कार्य करते थे तभी उसके प्रेम संबंध मृतक की पत्नी से हो गये थे, वे दोनों आपस में शादी करना चाहते थे लेकिन मृतक कुलदीप की वजह से नहीं कर पा रहे थे। इसलिए उन दोनों ने कुलदीप की हत्या की योजना बनायी। योजनानुसार दिनांक 01.09.2024 को जब कुलदीप घूमकर ग्राम वापस आ रहा था, तभी रास्ते में सचिन ने पहले पाइप से वार कर उसे घायल कर दिया तथा नाईफ कटर से गला काटकर हत्या कर दी तथा मौके से फरार हो गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री यज्ञदत्त शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना खानपुर
2. निरीक्षक हरेन्द्र सिंह थाना खानपुर
3. व0उ0नि0 नसीम अहमद, म0उ0नि0/यू0टी0 मोना अग्रवाल थाना खानपुर
4. है0का0 कपिल नैन स्वाट टीम
5. का0 संजय कुमार, का0 केशव, का0 सुरेन्द्र डागर, म0का0 प्रमिला थाना खानपुर



मीडिया सेल बुलंदशहर